ok

TATA

क्रमांक/भानेप्रो–II/वनभूमि/एफआरए–अनापत्ति/2019–20/33 रायपुर, दिनांक : 03-03-2020

प्रति,

**कलेक्टर महोदय,**
जिला कार्यालय परिसर,
कांकेर (छत्तीसगढ़).

विषय : भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना "भारतनेट प्रोजेक्ट (A Part of Digital India)" के सफल कियान्वयन हेतु आपके जिला क्षेत्र के पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत अंतागढ़ एवं दुर्गकोन्दल ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायतों को ब्लाक मुख्यालय से जोड़ने वाले मार्गो के मौजूदा राईट–ऑफ–वे में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित **राजस्व वनभूमि 1.053 हे. का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं कुल वनभूमि रकबा 6.676 हे. का FRA प्रतिवेदन** मार्ग समानांतर प्रस्तावित आप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु "CEO छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (CHiPS) रायपुर" के नाम से प्रदान करने विषयक अनुरोध।

संदर्भ : 1) कार्यालय पत्र क्रमांक/भानेप्रो–II/वनभूमि/2019–20 रायपुर, दिनांक 30.09.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत कृपया अवगत हों कि आपके जिले के पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल क्षेत्रांतर्गत अंतागढ़ एवं दुर्गकोन्दल ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायतों के मार्गो के समानान्तर वनभूमि पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित वनभूमि का FRA प्रतिवेदन एवं राजस्व वनभूमि का अनापत्ति पत्र आवश्यक है।

साथ ही ज्ञात हो कि चूँकि यह एक Linear Project है, अतएव भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, इंन्द्रा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक F.No. 11-09/98-FC (Pt.) दिनांक 28 अक्टूबर 2014" अनुसार वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण संबंधी ग्राम सभा प्रतिवेदन आवश्यक नहीं है । चूँकि प्रस्तावित कार्य एक लिनियर प्रोजेक्ट है एवं मौजूदा मार्ग के राईट–ऑफ–वे के अन्तर्गत बिछाई जावेगी एवं किसी भी वृक्ष अथवा वन सम्पदा तथा शासन द्वारा संचालित सुविधाएँ को क्षति नहीं पहुँचाई जावेगी । अतः महोदय से अनुरोध है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित **राजस्व वनभूमि 1.053 हे. का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं कुल वनभूमि रकबा**

कार्यालय कलेक्टर
जिला उ. ब. कांकेर (छ.ग.)
02/03/2020

**TATA PROJECTS LIMITED**
Transocean House 2nd 3rd & 4th Floor Hiranandani Business Park Powai, Mumbai 400 076
Tel:-+ 91 22 6740 2900 Fax:- + 91 22 6740 2960
Email: tplmumbai@tataprojects.com www tataprojects.com
Registered Office Mithona Tower -1- 1-7-80 to 87 Prenderghast Road Secunderabad 500 003 Telangana India
Tel+ 91406673 8801 Fax + 91406617 2535 email: tpl@tataprojects.com www.tataprojects.com
CIN U45203AP1979PLCO57431

Scanned with CamScanner

**6.676 हे. का FRA प्रतिवेदन** मार्ग समानांतर प्रस्तावित आप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु "CEO छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (CHiPS) रायपुर" के नाम से प्रदान करने की कृपा करें ताकि शासन की महत्वपूर्ण योजना का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जा सके ।

आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन की प्रत्याशा में सादर प्रस्तुत ।

(अजय नायक)
प्राधिकृत अधिकारी
टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड
रायपुर (छत्तीसगढ़).

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

**TATA PROJECTS LIMITED**
Transocean House 2nd 3rd & 4th Floor Hiranandani Business Park Powai, Mumbai 400 076
Tel:-+ 91 22 6740 2900 Fax:- + 91 22 6740 2960
Email: tplmumbai@tataprojects.com www tataprojects.com
Registered Office Mithona Tower 1- 1-7-80 to 87 Prenderghast Road Secunderabad 500 003 Telangana India
Tel+ 91406673 8801 Fax + 91406617 2535 email: tpl@tataprojects.com www.tataprojects.com
CIN U45203AP1979PLC057431

Scanned with CamScanner